



# अवैध प्लाटिंग पर कार्यवाही : सीएमओ के लिए चुनौती

## नपा क्षेत्र में भू-माफियाओं द्वारा रेरा, टीएनसीपी और नपा में कॉलोनाइजर का पंजीयन कराए बिना बनाई जा रही अवैध कॉलोनी की सीएमओ से हुई शिकायत

**नवभारत न्यूज**

**सीधी 2 मई। नगर पालिका परिषद सीधी क्षेत्र में भू-माफियाओं द्वारा रेरा, टीएनसीपी और नपा में कालोनाइजर का पंजीयन कराये बिना बनाई जा रही अवैध कालोनी की सीएमओ से शिकायत हुई है। अवैध प्लाटिंग पर कार्यवाही सीएमओ के लिए चुनौती है।**



नगर पालिका परिषद सीधी क्षेत्रांतर्गत वार्ड क्रमांक 19, 20, 21 एवं 24 के ग्राम सीधी कला, डैनिहा, मड़रिया में भू-माफियाओं द्वारा बिना डायवर्सन, रेरा, टीएनसीपी और नगर पालिका में कालोनाइजर का पंजीयन कराये बिना विधि विरूद्ध तरीके से भूमियों में बेतहासा एवं बेतरतीब प्लाटिंग कर बनाई जा रही अवैध कालोनी पर सख्ती से रोक लगाई जाय। अवैध कालोनियों के सम्पूर्ण विकास की राशि प्लाट विक्रेताओं तथा उनके एजेंटों से वसूल करते हुये शासन द्वारा कालोनी विकास के लिये निर्धारित मानकों के अनुसार विकसित कराने की कार्रवाई की जाय। वहीं अवैध प्लाटिंग करने वाले/अवैध कालोनी का निर्माण करने वाले सभी भू-माफियाओं पर एफआईआर दर्ज कराते हुये वैधानिक कार्य की जाय। विडम्बना यह है कि प्रशासनिक निष्क्रियता के चलते सैकड़ो लोग लाखों की लागत से प्लाट खरीद चुके हैं जिसमें बिजली, नाली, सीवर जैसी मूलभूत सुविधाएं तक नहीं हैं।

### भू-माफिया दो सौ प्लाट की कर चुके हैं बिक्री

नगर पालिका क्षेत्र सीधी में अभी तक भू-माफिया अवैध रूप से दो सौ प्लाट की बिक्री कर चुके हैं। तत्संबंध में मददगार इंसाफी दस्ता के अध्यक्ष माधवेश तिवारी द्वारा कलेक्टर सीधी के नाम से मुख्य नगर पालिका अधिकारी सीधी को विगत 28 अप्रैल 2026 को पूरे प्रमाण के साथ शिकायत सौंपी गई है। शिकायत में कहा गया है कि भू-माफियाओं के पास कालोनाइजर एक्ट के अंतर्गत या प्लाटिंग करने संबंधी किसी भी प्रकार का कोई पंजीयन नहीं है।

### एक दर्जन से अधिक भू-माफिया कर रहे अवैध प्लाटिंग

नगर पालिका क्षेत्र सीधी में एक दर्जन से ज्यादा भू-माफिया अवैध प्लाटिंग कर रहे हैं। इनमें वार्ड क्रमांक 19 एवं 20 डैनिहा एवं सीधीकला में बैसनी जायसवाल, राजेन्द्र प्रसाद नामदेव एवं गौरव कामदार, आशीष मोटवानी, कुंदन दास सिंधी, गीता गुप्ता, नीरज सिंह, संतोष कुमार कुशवाह, तीर्थ साहू, आकाश अग्रवानी, मयंक बत्रा, श्यामकली साहू, अजय सिंह एवं नरेश पाण्डेय, वार्ड क्रमांक 21 एवं 23 मड़रिया क्षेत्र में अजय सिंह एवं संदीप सिंह, कृष्ण प्रताप सिंह, संजय कुमार गुप्ता, मृत्युंजय प्रताप सिंह आदि शामिल हैं।

### हाईकोर्ट के आदेश के बाद भी हो रही अवैध प्लाटिंग

जिले सहित शहर में हो रही अवैध प्लाटिंग को लेकर समाजसेवी माधवेश तिवारी द्वारा माननीय उच्च न्यायालय जबलपुर ने दायर जनहित याचिका डब्ल्यूपी 32660/2025 को स्वीकार कर 28 अक्टूबर 2025 आदेश जारी कर कृषि भूमि की प्लाटिंग पर रोंक लगाते हुए प्रमुख सचिव म.प्र. शासन वल्लभ भवन भोपाल, कलेक्टर सीधी, सीएमओ नपा सीधी, टाउन एंड कंट्री प्लानिंग आफिसर सीधी को नोटिस भेजा गया था। हाईकोर्ट के आदेश के बाद भी भू-माफियाओं द्वारा बदस्तूर अवैध प्लाटिंग जारी है।

### इनका कहना है

नगर पालिका क्षेत्र में अवैध प्लाटिंग को लेकर हमारी गठित टीम द्वारा सर्वे का कार्य किया जायेगा। सर्वे रिपोर्ट आने के बाद उसे सार्वजनिक रूप से प्रकाशित कर अवैध कालोनी के संबंध में सूचना प्रसारित की जावेगी। नगर पालिका द्वारा अभी रेरा की वर्कशाप आयोजित की गई थी, जिससे लोग अवैध प्लाटिंग एवं कालोनी को लेकर सजग हो सकें। फिर भी यदि कोई ऐसी अवैध कालोनियों में प्लाट लेता है तो उसकी जिम्मेदारी नगर पालिका की नहीं होगी।

**प्रिया पाठक, डिप्टी कलेक्टर/प्रभारी सीएमओ नपा सीधी**

# रामकुमार साहू बने भाजपा किसान मोर्चा के जिला अध्यक्ष

## बधाई देने लगा तांता

**नवभारत न्यूज**

**सीधी 2 मई। भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष जयपाल सिंह द्वारा भाजपा किसान मोर्चा सीधी का जिला अध्यक्ष रामकुमार साहू को नियुक्त किया गया है।**



अपनी नियुक्ति पर रामकुमार साहू ने कहा है कि मैं भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल, किसान मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष जयपाल सिंह, भाजपा जिला अध्यक्ष देवकुमार सिंह चौहान, रीवा संभाग के प्रभारी विजय दुबे, सीधी जिले के प्रभारी नरेन्द्र त्रिपाठी, भाजपा के पूर्व प्रदेश महामंत्री एवं हमारे मार्गदर्शक शरदेन्दु तिवारी, सीधी सांसद डॉ.राजेश मिश्रा, सीधी विधायक श्रीमती रीती पाठक, धौंहनी विधायक कुंवर सिंह टेकाम, सिहावल विधायक विश्वामित्र पाठक एवं सीधी जिले के समस्त वरिष्ट भाजपा नेताओं एवं कार्यकर्ताओं का हृदय से आभार व्यक्त करता हूं। साथ ही पार्टी के द्वारा दिए गए निर्देशों और संगठनात्मक कार्य एवं किसानों के हित में निरंतर कार्य करता रहूंगा तथा पार्टी के कार्यों को सफलतापूर्वक पूर्ण करने हेतु सदैव प्रयासरत रहूंगा।

### इन्होंने भी दी बधाईयां

भाजपा के वरिष्ठ नेता लालचंद्र गुप्ता, केके तिवारी, इंद्रशरण सिंह चौहान, बृजबिहारी लाल शर्मा, मंजू रामजी सिंह, धर्मेंद्र सिंह परिहार, सुमन सिंह पटेल, सरस्वती सिंह बहेलिया, कृष्णकांत पयासी, मनोज कोल, प्रमोद द्विवेदी, विक्रम सिंह, पूनम सोनी, अशोक पटेल जिला उपाध्यक्ष, विश्वबंधुधर द्विवेदी, अंजू केशरी, ऊषा गोपाल पटेल, शिवदान साकेत, मनीला सिंह, अखिलेश पाण्डेय, अनिल पाण्डेय महामंत्री, चंद्रपाल सिंह उइके, लोरिक यादव, गरिमा सिंह चंदेल, गजराज सिंह चंदेल, पूजा सिंह कुशराम, उर्मिला साकेत, उमाशंकर यादव, सूर्यप्रताप सिंह, कपूरचंद्र साहू, अनीता चौरसिया, पुनीत पाण्डेय, संदीप सिंह गहरवार, निशांत मिश्रा, विजय शंकर शुक्ला मंडल अध्यक्ष भाजपा रामपुर नैकिन, रजनीश शुक्ला मंडल अध्यक्ष भाजपा पड़खुरी, नीरज मिश्रा मंडल अध्यक्ष भाजपा चोरगड़ी, प्रमोद सिंह ओपी मंडल अध्यक्ष भाजपा चुरहट, विनोद पटेल मंडल अध्यक्ष भाजपा पटपरा, बुद्धसेन साहू मंडल अध्यक्ष भाजपा हनुमानगढ़, हीरा सिंह गोड़ मंडल अध्यक्ष भाजपा खड्डी, पंकज पाण्डेय सीधी, सूबेदार यादव बरम्बाबा, आशीष तिवारी अमरपुर, राजेश द्विवेदी सेमरिया, योगेन्द्र सिंह कुछवाही, अनीता सिंह पोड़ी, प्रवीण तिवारी मझौली, रामसजीवन कचेर खड़ौरा, केके मिश्रा मड़वास, अखण्डप्रताप सिंह कुशमी, विमलेश रावत सिहावल, सिद्धार्थ गौतम अमिलिया, शिवकुमारी जायसवाल मयापुर, पुष्पेन्द्र पाण्डेय बहरी, जयशंकर द्विवेदी सोनवर्षा, विमल कुमार सिंह खाम्ह, रामसिया गुप्ता, आनंदबिहारी मिश्रा, नरेन्द्र सिंह, गजेन्द्र सिंह, नागेन्द्र सिंह, रवी साकेत, महेंद्र शुक्ला, वीरेंद्र तिवारी एवं भाजपा के समस्त पदाधिकारी एवं नेताओं ने शुभकामनाएं दी हैं।



# प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस में विश्व रेडक्रॉस कार्यक्रम का शुभारंभ

**नवभारत न्यूज**

**सीधी 2 मई। मध्यप्रदेश शासन उच्च शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार मध्यप्रदेश रेडक्रॉस राज्य शाखा द्वारा 2 से 8 मई 2026 तक रेडक्रॉस सप्ताह जिसका थीम मानवता में एकजुटता/मानवता के लिए संगठित मनाया जा रहा है। इसी क्रम में सीधी जिले के अग्रणी महाविद्यालय प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस संजय गांधी स्मृति शासकीय स्वशासी स्नातकोत्तर महाविद्यालय सीधी एवं रेडक्रॉस सोसाइटी सीधी द्वारा जागरूकता अभियान चलाया गया।**

कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्राचार्य डॉप्रभाकर सिंह द्वारा बच्चों को जागरूकता दिवस के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई और यह बताया गया कि संकट के समय में हमेशा अपने स्वविवेक एवं जागरूकता से ही हर समस्या का समाधान किया जा सकता है। इसी कड़ी में मुख्य वक्ता के रूप में अमित प्रधान रेडक्रॉस सोसाइटी के सदस्य द्वारा इस दिवस के आयोजन के संबंध में विस्तार पूर्वक बताया गया। इस कार्यक्रम के दिवस प्रभारी रेडक्रॉस सोसाइटी के सदस्य डॉ.मनीला सिंह, डॉ.उमाकांत साहू एनसीसी अधिकारी, डॉ.राजकुमार सिंह सोर्टिया, डॉ.प्रतिभा सिंह प्राध्यापकों सहित कॉलेज के सैकड़ो विद्यार्थियों ने कार्यक्रम में बढ़-चढ़ के हिस्सा लिया और जागरूकता दिवस को सफल बनाया। कार्यक्रम का संचालन महाविद्यालय के क्रीड़ा अधिकारी डॉ.रविन्द्रनाथ सिंह द्वारा किया गया।

# प्राकृतिक आपदा के दो प्रकरणों में सहायता राशि मंजूर, आश्रितों के खाते में पहुंची राशि

**नवभारत न्यूज**

**सीधी 2 मई। एसडीएम चुरहट विकास आनंद ने प्राकृतिक आपदा के आरबीसी 6(4) के दो प्रकरणों में 4-4 लाख की आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत की है।**



प्रथम प्रकरण में नायब तहसीलदार तहसील चुरहट के प्रतिवेदन दिनांक 23 अप्रैल 2026 तथा प्रकरण में संलग्न दस्तावेजों, हल्का पटवारी के प्रतिवेदन एवं अन्य अभिलेखों के आधार पर 23 मार्च 2026 को लावली पिता राजकुमार कोल निवासी ग्राम बघेड़ा की मृत्यु बाणसागर परियोजना अंतर्गत नहर में पानी में डूबने से मृत्यु हो गई थी। अतएव नायब तहसीलदार तहसील चुरहट के प्रतिवेदनानुसार राजस्व पुस्तक परिपत्र 6(4) की कण्डिका 5(2क) संशोधित प्रावधान दिनांक 6 दिसम्बर 2016 के तहत मृतक के निकटतम वारिस माता आरती कोल पति राजकुमार कोल निवासी ग्राम पैपखरा तहसील रामपुर नैकिन जिला सीधी को रूपये 4 लाख रूपये की आर्थिक सहायता राशि बैंक खाता क्रमांक 6424001700257808 आईएफएससी पीयूएनबी0642400 में भुगतान हेतु स्वीकृत किया गया।

वहीं दूसरे प्रकरण में तहसीलदार तहसील चुरहट के प्रकरण क्रमांक 0001/बी-128(9)/2026-27 प्रतिवेदन दिनांक 10 अप्रैल 2026 तथा प्रकरण में संलग्न दस्तावेजों हल्का पटवारी के प्रतिवेदन एवं अन्य अभिलेखों के आधार पर दिनांक 3 अप्रैल 2026 को धीरू रावत पिता रमन निवासी ग्राम बघऊ की पानी में डूबने से मृत्यु हो गई थी। अतएव नायब तहसीलदार तहसील चुरहट के प्रतिवेदनानुसार राजस्व पुस्तक परिपत्र 8(4) की कण्डिका 5(2क) संशोधित प्रावधान दिनांक 6 दिसम्बर 2016 के तहत मृतक के निकटतम वारिस पिता रामरतन निवासी ग्राम बघऊ तहसील चुरहट जिला सीधी को रूपये 4 लाख रूपये की आर्थिक सहायता राशि बैंक खाता क्रमांक 8083408050 आईएफएससी एसबीआईएन0 आरआरएमबीजीबी में भुगतान हेतु स्वीकृत किया गया।

# विज्ञान को रोचक बनाने की पहल : शासकीय शिक्षकों ने सीखे प्रयोगात्मक शिक्षण के नए तरीके

## प्रयोगशाला आधारित शिक्षण पर जोर, शिक्षकों को दिए गए आधुनिक प्रशिक्षण

**नवभारत न्यूज**

**सीधी 2 मई। विद्यार्थियों में विज्ञान के प्रति रुचि बढ़ाने एवं शिक्षण को अधिक व्यावहारिक बनाने के उद्देश्य से जिले के शासकीय विद्यालयों के शिक्षकों के लिए तीन दिवसीय प्रायोगिक प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया।**



यह प्रशिक्षण जिला उत्कृष्ट विद्यालय सीधी में जिला शिक्षा अधिकारी पवन कुमार सिंह के निर्देशन तथा एडीपीसी ओशो उत्सव के मार्गदर्शन में सम्पन्न हुआ। प्रशिक्षण का आयोजन चरणबद्ध रूप से किया गया, जिसमें सीधी एवं सिहावल विकासखंड के शिक्षकों का प्रशिक्षण 21 से 23 अप्रैल तथा कुसमी, मझौली एवं रामपुर नैकिन विकासखंड के शिक्षकों का प्रशिक्षण 24 से 26 अप्रैल 2026 तक आयोजित किया गया। डाइट प्राचार्य एस.केरकेट्टा एवं शम्भूनाथ त्रिपाठी के नेतृत्व में मास्टर ट्रेनर अमित सिंह द्वारा शिक्षकों को प्रायोगिक पहलुओं की विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। एपीसी रमसा डॉ.सुजीत कुमार मिश्रा ने बताया कि प्रशिक्षण के दौरान शिक्षकों ने उत्साहपूर्वक प्रयोगशाला गतिविधियों में भाग लिया तथा नई शिक्षण विधियों को समझा और सीखा। उन्हें प्रयोगशाला उपकरणों के सही उपयोग, सुरक्षा मानकों तथा विद्यार्थियों में वैज्ञानिक दृष्टिकोण विकसित करने के प्रभावी उपायों के बारे में भी जानकारी दी गई। प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य शिक्षकों के प्रायोगिक ज्ञान को सुदृढ़ करना एवं विज्ञान शिक्षण को अधिक रोचक, सरल और प्रयोगात्मक बनाना रहा। यह पहल जिले में विज्ञान शिक्षा की गुणवत्ता सुधार की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम मानी जा रही है।

# भव्य कलश यात्रा के साथ श्रीमद्भागवत कथा का शुभारंभ




**चुरहट 2 मई।** चुरहट तहसील अंतर्गत ग्राम पंचायत मोहनिया में भव्य कलश यात्रा के साथ श्रीमद् भागवत कथा सप्ताह ज्ञानयज्ञ का शुभारंभ किया गया। कलश यात्रा कथा स्थल से प्रारंभ होकर नवरछ बाबा राम दरबार मंदिर होते हुए पूरे गांव का भ्रमण करते हुए पुन: कथा स्थल पर पहुंची, जहां विधिवत रूप से कथा का आरंभ हुआ। कथा के प्रथम दिन गोकर्ण प्रसंग का विस्तारपूर्वक वर्णन किया गया जिसे सुनकर श्रद्धालु भावविभोर हो उठे। इस धार्मिक आयोजन के मुख्य आयोजक राजकुमार तिवारी एवं श्रीमती लीलावती तिवारी हैं। कथा व्यास आचार्य परौहा जी महाराज श्रीधाम वृंदावन द्वारा संगीतमय शैली में कथा का वाचन किया जा रहा है। यह कथा 30 अप्रैल से प्रारंभ होकर 6 मई 2026 तक चलेगी तथा 7 मई को हवन, तर्पण एवं पूर्णाहुति के साथ समापन किया जाएगा।

# तेज आंधी और झमाझम बारिश से मची तबाही, घरों की छतें उड़ीं

**नवभारत न्यूज**

**सीधी 2 मई। जिले में मौसम ने अचानक करवट लेते हुए तबाही का मंजर खड़ा कर दिया। तेज आंधी और झमाझम बारिश ने जनजीवन को पूरी तरह अस्त-व्यस्त कर दिया। कई इलाकों में तेज हवाओं के कारण घरों की छतें उड़ गईं जबकि कई जगहों पर पेड़ उखड़कर गिर पड़े। बताया जा रहा है कि आंधी इतनी तेज थी कि टीन शेड और कच्चे मकानों को भारी नुकसान पहुंचा है।**



मिली जानकारी के अनुसार जिले के कुआं गांव में राजीव लोचन मिश्रा के घर का छत उड़ने से लोग बाल बाल बचे। गनीमत रही कि इस दौरान कोई बड़ा हादसा नहीं हुआ और लोग बाल-बाल बच गए।

एक तरफ जहां भीषण गर्मी से जूझ रहे लोगों को बारिश से राहत मिली, वहीं दूसरी ओर कई परिवारों के लिए यह बारिश आफत बनकर आई। जिनके घरों की छतें उड़ गईं, वे अब खुले आसमान के नीचे रहने को मजबूर हैं। स्थानीय प्रशासन द्वारा हालात का जायजा लिया जा रहा है और प्रभावित क्षेत्रों में राहत कार्य शुरू किए जाने की बात कही जा रही है। फिलहाल मौसम विभाग ने आने वाले समय में और तेज हवाओं व बारिश की संभावना जताई है जिससे लोगों को सतर्क रहने की सलाह दी गई है।

# 10वीं-12वीं में जिले के 16 शासकीय स्कूलों का रिजल्ट 100 प्रतिशत

**नवभारत न्यूज**

**सीधी 2 मई। वर्ष 2026 के बोर्ड परीक्षा परिणामों में सीधी जिले ने शिक्षा के क्षेत्र में उल्लेखनीय उपलब्धि दर्ज करते हुए अपनी स्थिति और अधिक मजबूत की है। कक्षा 10वीं और 12वीं दोनों के परिणामों ने जिले को प्रदेश के अग्रणी जिलों में स्थापित किया है।**

कक्षा 10वीं के परीक्षा परिणाम में जिले ने 81.61 प्रतिशत सफलता हासिल की, जो पिछले वर्ष 81.21 प्रतिशत से बेहतर है और प्रदेश के औसत 73.42 प्रतिशत से काफी अधिक है। इस उपलब्धि के साथ जिले ने प्रदेश में 14वां स्थान प्राप्त किया है। वहीं विद्यार्थियों ने मेरिट सूची में स्थान बनाकर जिले का नाम रोशन किया है। इसी प्रकार कक्षा 12वीं के परिणाम में भी जिले ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 90 प्रतिशत परिणाम प्राप्त किया है जो प्रदेश के औसत 76.1 प्रतिशत से कहीं अधिक है। इस प्रदर्शन के साथ सीधी जिले ने प्रदेश में लगातार 5वां स्थान बनाए रखा है। जिले के विद्यालयों का प्रदर्शन भी अत्यंत उत्साहजनक रहा है। कक्षा 10वीं एवं 12वीं मिलाकर 16 शासकीय विद्यालयों ने 100 प्रतिशत परिणाम दर्ज किया, जबकि 98 विद्यालयों का परीक्षा परिणाम 90 प्रतिशत से अधिक रहा। कक्षा 12वीं में 53 विद्यालयों ने 90 प्रतिशत से अधिक परिणाम तथा 4 विद्यालयों ने 100 प्रतिशत परिणाम प्राप्त किया। सबसे उल्लेखनीय बात यह रही कि किसी भी विद्यालय का परिणाम 30 प्रतिशत से कम नहीं रहा, जो शैक्षणिक गुणवत्ता में व्यापक सुधार का संकेत है। कलेक्टर, सीईओ, जिला प्रशासन, डीईओ पवन कुमार सिंह, एडीपीसी ओशो उत्सव सहित शिक्षकों एवं प्राचार्यों के संयुक्त प्रयासों से जिले में सकारात्मक शैक्षणिक वातावरण विकसित हुआ है।

# कठौतिया में गूंज रही बघेली में श्रीमद्भागवत कथा, पांचवें दिन उमड़ी श्रद्धालुओं की अपार भीड़



**नवभारत न्यूज**

**कुसमी 2 मई।** जिले के कुशमी तहसील अंतर्गत ग्राम कठौतिया इन दिनों भक्ति, आस्था और आध्यात्मिक चेतना के अद्भुत संगम का साक्षी बना हुआ है। यहां आयोजित श्रीमद्भागवत महापुराण कथा के पांचवें दिवस शनिवार को श्रद्धालुओं की उल्लेखनीय उपस्थिति ने आयोजन को और भी दिव्य बना दिया। बघेली भाषा में प्रवाहित हो रही कथा ने जनमानस के हृदय को विशेष रूप से स्पर्श किया। कथा के पांचवें दिन भगवान श्रीकृष्ण की मनोहर बाल लीलाओं, गोवर्धन पूजा तथा कंस वध जैसे महत्वपूर्ण प्रसंगों का भावपूर्ण वर्णन किया गया। कथा वाचक गुलाब राम तिवारी महाराज ने अपने ओजस्वी एवं सरस वचनों के माध्यम से गोपी-कृष्ण प्रेम, माखन चोरी की लीलाओं तथा इंद्र के अहंकार को चूर करने हेतु श्रीकृष्ण द्वारा गोवर्धन पर्वत धारण करने की कथा का अत्यंत प्रभावी ढंग से प्रस्तुतीकरण किया। उनके प्रवचनों ने श्रद्धालुओं को भक्ति, समर्पण और धर्म के मूल तत्वों से आत्मसात कराया।


# सीधी पुलिस ने अप्रैल माह में 42 लापता बच्चों को सकुशल खोजा

## ऑपरेशन मुस्कान में ऐतिहासिक उपलब्धि, 135 प्रतिशत रिकवरी दर्ज

**नवभारत न्यूज**

**सीधी 2 मई। गुमशुदा नाबालिग बच्चों की शीघ्र तलाश एवं सुरक्षित वापसी सुनिश्चित करने हेतु पुलिस मुख्यालय भोपाल की महिला सुरक्षा शाखा द्वारा संचालित प्रदेशव्यापी ऑपरेशन मुस्कान के अंतर्गत जिला सीधी पुलिस ने माह अप्रैल 2026 में उत्कृष्ट, परिणामोन्मुख एवं ऐतिहासिक सफलता अर्जित की है।**

पुलिस महानिरीक्षक रीवा जोन गौरव राजपूत एवं उप पुलिस महानिरीक्षक हेमंत सिंह चौहान के सतत मार्गदर्शन तथा पुलिस अधीक्षक सीधी संतोष कोरी के निर्देशन में संचालित इस विशेष अभियान में जिले की पुलिस टीमों ने समन्वित, तकनीकी एवं मानवीय दृष्टिकोण के साथ कार्य करते हुए उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल की। जिसमें अप्रैल माह का समग्र प्रदर्शन (01-30 अप्रैल 2026), 31 गुमशुदगी प्रकरण दर्ज (7 बालक, 24 बालिकाएं), 42 बच्चों की सकुशल बरामदगी (10 बालक, 32 बालिकाएं), रिकवरी दर 135 प्रतिशत (पूर्व लंबित प्रकरणों सहित)। इस अभियान में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अरविंद श्रीवास्तव के मार्गदर्शन में समस्त एसडीओपी, थाना एवं चौकी प्रभारियों तथा विशेष टीमों ने निरंतर मैदानी स्तर पर कार्य किया। प्रत्येक प्रकरण में त्वरित प्रतिक्रिया एवं प्राथमिकता के आधार पर कार्रवाई सुनिश्चित की गई। ऑपरेशन मुस्कान केवल एक पुलिस अभियान नहीं बल्कि मानवीय संवेदनशीलता और सामाजिक जिम्मेदारी का प्रतीक है। इस अभियान के माध्यम से बच्चों को संभावित अपराधए शोषण एवं अनैतिक गतिविधियों के जोखिम से सुरक्षित कर उनके परिवारों से पुनर्मिलन कराया गया।




इस उल्लेखनीय उपलब्धि पर पुलिस अधीक्षक सीधी संतोष कोरी ने कहा कि यह सफलता हमारी टीम के समर्पण, सतत प्रयास और मानवीय दृष्टिकोण का परिणाम है। प्रत्येक गुमशुदा बच्चे की सुरक्षित वापसी हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है। ऑपरेशन मुस्कान के बाद भी शेष सभी लापता बच्चों की तलाश निरंतर जारी है और उन्हें भी शीघ्र सुरक्षित उनके परिवारों तक पहुंचाया जाएगा। सीधी पुलिस आगे भी इसी प्रतिबद्धता, तत्परता एवं संवेदनशीलता के साथ कार्य करते हुए प्रत्येक गुमशुदा बच्चे की सुरक्षित वापसी सुनिश्चित करने हेतु निरंतर प्रयासरत रहेगी।

### बालिकाओं की बरामदगी का विश्लेषण

बरामद की गई 32 बालिकाओं में से 20 बालिकाएं ऐसी पाई गई जो पारिवारिक कारणों माता-पिता की डांट/नाराजगी से घर छोड़कर रिश्तेदारी अथवा अन्य स्थानों पर चली गई थीं। 12 प्रकरण ऐसे पाए गए जिनमें आरोपियों द्वारा लालच एवं झांसा देकर अपहरण कर दुराचार किया गया। इन सभी मामलों में अपहरण एवं अन्य सुसंगत धाराओं के तहत अपराध पंजीबद्ध कर आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया है।

### अंतर्राज्यीय स्तर पर सशक्त कार्रवाई

सीधी पुलिस द्वारा गठित विशेष टीमों ने आधुनिक तकनीकी साधनों, साइबर विश्लेषण, मोबाइल ट्रैकिंग एवं मुखबिर तंत्र का प्रभावी उपयोग करते हुए मध्यप्रदेश के विभिन्न जिलों के साथ-साथ गुजरात, महाराष्ट्र, उत्तर प्रदेश एवं दिल्ली में सफलतापूर्वक सर्च एवं रेस्क्यू ऑपरेशन संचालित किए। लगातार फॉलोअप एवं समन्वित कार्रवाई के परिणामस्वरूप सभी बच्चों को सुरक्षित बरामद कर उनके परिजनों को सुपुर्द किया गया।

CMYK